-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 11.02.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ थाना नरैनी पुलिस द्वारा व्यक्ति के गलत बैंक खाते में ट्रान्सफर हुए 05 हजार रुपये को कराया गया वापस।

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में थाना नरैनी पुलिस टीम द्वारा व्यक्ति के गलत बैंक खाते में ट्रान्सफर हुए 05 हजार रुपये को वापस कराया गया। गौरतलब हो कि थाना नरैनी क्षेत्र के ग्राम लोधिनपुरवा अंश बरकोला कला के रहने वाले अभिषेक सिंह का पेटीएम से 05 हजार रूपए का गलत ट्रांजेक्शन हो गया था। जिसकी सूचना आवेदक द्वारा थाना नरैनी में दी गयी थी। जिस पर थाना नरैनी की साइबर पुलिस टीम द्वारा तत्परता से साइबर हेल्प लाइन नं0 1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज करा कर 05 हजार रूपए पीड़ित के बैंक खाते मे वापस कराया गया। आवेदक द्वारा पैसा वापस मिलने पर पुलिस टीम को धन्यवाद दिया गया।

टीम का विवरण-

1. नि0 अपराध श्री रामकिशोर सिंह
2. क0ऑ0 अनिल सिंह यादव
3. का0अनुराग यादव